# समाहरणालय दरभंगा
## (जिला बाल संरक्षण इकाई)
### (विज्ञापन संख्या–02 / 2026)

निदेशक, समाज कल्याण–सह–उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार पटना के पत्रांक–365, दिनांक–02.03.2026 से प्राप्त निदेश के आलोक में वृहद् आश्रय गृह, भराठी, दरभंगा अंतर्गत संचालित बालगृह (बालक एवं बालिका) तथा पर्यवेक्षण गृह, लहेरियासराय, दरभंगा में निम्नांकित पदों पर विनिर्धारित मानदेय पर संविदा आधारित अस्थाई नियोजन हेतु सुयोग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है–

**वृहद् आश्रय गृह, दरभंगा अंतर्गत बालगृह (बालक) युनिट 01 एवं 02 तथा बालगृह (बालिका) युनिट 01 एवं 02 में विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा आधारित अस्थायी नियोजन हेतु–**

| Sl. No | Name of Post | No. of Post | | Min. & Max. Age Limit (As on 01.07.2026) | Essential/ Minimum Qualification | Experience | Honorarium Per Month |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालगृह (बालक) युनिट 01 एवं 02 हेतु | बालगृह (बालिका) युनिट 01 एवं 02 हेतु (केवल महिला अभ्यर्थी के लिए) | | | | |
| 01 | Educator (Part Time) | UR-01, EBC- 01 Total-02 | UR - 01, EBC- 01 Total-02 (Only for Female) | UR (Male): 18-37 Years<br>UR (Female): 18-40 Years<br>EBC (Male & Female): 18-40 Years<br>SC (Male & Female): 18-42 Years | 10+2 with Diploma in elementary education (D.El.Ed.) or B.Ed. from Recognized University | At least one year experience of teaching in a school or institution. | 10,000/- |
| 02 | Art & Craft-cum-Music Teacher (Part Time) | UR-01, EBC- 01 Total-02 | EBC- 01 Total-01 (Only for Female) | | 10+2 with Diploma/Degree in Art & Craft/Music from a recognized University. | At least one year experience in a school or institution. | 10,000/- |
| 03 | PT Instructor-cum- Yoga Trainer (Part Time) | UR-01, EBC- 01 Total-02 | UR - 01, EBC - 01, Total - 02 (Only for Female) | | 10+2 with Diploma/Degree in Yoga/Sports/Athletics/Physical education. | At least one year experience in a school or institution. | 10,000/- |
| 04 | Care Taker-cum-Vocational Instructor | UR- 01, EBC- 01 Total-02 | EBC- 01 Total-01 (Only for Female | | Matriculation with certificate course in Vocational Trade (Tailoring, Handicraft, Mobile repairing, basic computer skill like Data Entry etc.) | A minimum of 01 year experience working as a vocational trainer/instructor in a school /institution. | 9930/- |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | Cook | UR- 02,<br>EBC- 01<br>SC -01<br>Total-04 | UR-02,<br>EBC- 01<br>SC- 01<br>Total-04<br>(Only for Female) | UR (Male): 18-37 Years<br>UR (Female): 18-40 Years<br>EBC (Male & Female): 18-40 Years<br>SC (Male & Female): 18-42 Years | 8th Pass | At least one year experience in a school or institution. | 9930/- |
| 06 | Helper-cum-Night watchman | UR- 02,<br>EBC- 01<br>SC -01<br>Total-04 | UR-02,<br>EBC- 01<br>SC- 01<br>Total-04<br>(Only for Female) | | 8th Pass | कार्य अनुभव अनिवार्य नहीं। | 7944/- |
| 07 | Housekeeper | UR-01,<br>EBC- 01<br>Total-02 | UR-01,<br>EBC- 01<br>Total-02<br>(Only for Female) | | 8th Pass | कार्य अनुभव अनिवार्य नहीं। | 7944/- |

**पर्यवेक्षण गृह, दरभंगा में विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा आधारित अस्थायी नियोजन हेतु–**

| Sl. No | Name of Post | No. of Post | Min. & Max. Age Limit (As on 01.07.2026) | Essential/Minimum Qualification | Experience | Honorarium Per Month |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Art & Craft-cum-Music Teacher (Part Time) | UR-01 | UR (Male): 18-37 Years<br>UR (Female): 18-40 Years | 10+2 with Diploma/Degree in Art & Craft/Music from a recognized University. | At least one year experience in a school or institution. | 10,000/- |
| 02 | PT Instructor-cum-Yoga Trainer (Part Time) | UR - 01 | | 10+2 with Diploma/Degree in Yoga/Sports/Athletics/Physical education. | At least one year experience in a school or institution. | 10,000/- |

1. इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार विहित प्रपत्र में संपूर्ण भरा हुआ आवेदन पत्र सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र (उत्तीर्णता प्रमाण पत्र एवं संबंधित अंक पत्र सहित), फोटोग्राफ, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (आरक्षण हेतु केवल बिहार के मूल निवासी के लिए), आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड इत्यादि की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ **दिनांक 25.07.2026 के शाम 05:00 बजे तक सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, बलभद्रपुर, डॉ0 के0.एन0. झा के सामने, लहेरियासराय, दरभंगा पिन–846001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते है।** उपरोक्त समय–सीमा के पश्चात् तथा अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे। एक से अधिक पदों के लिए अलग–अलग आवेदन ही मान्य होंगे। आरक्षण केवल बिहार के मूल निवासी को देय है। अभ्यर्थी विहित प्रपत्र में आवेदन करेंगे तथा विज्ञापन संख्या एवं पद की उल्लेख करेंगें। विहित प्रपत्र में आवेदन नहीं करने पर आवेदन रदद् किया जा सकता है।
2. अधिकतम एवं न्यूनतम आयु की गणना 01.07.2026 के आधार पर किया जाएगा।
3. कार्यालय के ईमेल पर आवेदन नहीं भेजे। कार्यालय के ईमेल पर भेजे गये आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा। क्योंकि उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिए आवेदन पर विचार किये जाने हेतु आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन पत्र की मूल प्रति अनिवार्य है।

4. "बालगृह (बालिका) युनिट–01 / 02" के पद केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं।
5. आवेदन पत्र भेजने के क्रम में लिफाफे के उपर मोटे अक्षरों में **"बालगृह (बालक) युनिट–01 / 02"** अथवा **"बालगृह (बालिका) युनिट–01 / 02"** अथवा **"पर्यवेक्षण गृह, दरभंगा"** में नियोजन हेतु आवेदन तथा **"विज्ञापन संख्या–02 / 2026"** एवं **"पद का नाम"** उल्लेख अवश्य करेंगे। इनके लिए अलग–अलग प्रकार के आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराये गए हैं।
6. प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। एक ही आवेदन पर एक से अधिक पदों का उल्लेख किये जाने की स्थिति में आवेदन में प्रथम स्थान पर उल्लेखित पद के लिए आवेदन को मान्य माना जायेगा।
7. आरक्षित पदों पर नियोजन हेतु संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
8. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्रतिशत प्राप्तांक का 50 प्रतिशत अंक तथा 10 (5+5) अंक न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता से उच्चत्तर उसी विषय में अधिकतम 02 शैक्षणिक डिग्री हेतु दिए जायेंगे।
9. न्यूनतम कार्य अनुभव रखना अनिवार्य होगा लेकिन इसे मेधा सूची हेतु अंक गणना में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।
10. केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पंजीकृत वैध संस्थाओं अथवा नीति आयोग पर पंजीकृत गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा सक्षम प्राधिकार के कार्यालय ज्ञापांक एवं दिनांक के साथ निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। अंतिम 06 माह का वेतन / परिश्रमिक / मानदेय भुगतान के साक्ष्य के रूप में बैंक स्टेटमेंट / वेतन विवरणी प्रस्तुत करना होगा। विद्यालय से निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र हेतु यह अनिवार्य है कि उक्त विद्यालय शिक्षा विभाग / मान्यता प्राप्त बोर्ड से संबद्ध हो एवं प्रमाण पत्र कार्यालय ज्ञापांक, दिनांक के साथ निर्गत हो।
11. Cook, Helper-cum-Night watchman एवं Housekeeper पदों हेतु अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों का नियोजन केवल साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।
12. साक्षात्कार की तिथि को आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्रों एवं अनुभव प्रमाण पत्र की मूल प्रति सत्यापन हेतु लाना अनिवार्य होगा।
13. विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन फार्म जिला के अधिकारिक वेबसाईट (https://darbhanga.nic.in/) पर देखा जा सकता है। साथ ही साक्षात्कार में भाग लेने हेतु योग्य अभ्यर्थियों की सूची, अभ्यर्थियों की मेधा सूची आदि का प्रकाशन समय–समय पर उक्त वेबसाईट एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा।
14. नियोजन के उपरांत सभी दस्तावेजो की जांच कराई जा सकती है। दस्तावेज एवं तथ्य गलत पाए जाने पर नियोजन समाप्त करते हुए विधि–सम्मत कर्रवाई की जाएगी।
15. सरकार द्वारा आदेश प्राप्त होने पर या अन्य कारणों से या अगर संस्थान का संचालन बंद हो जाता है तो सभी कर्मियों का नियोजन स्वतः समाप्त हो जाएगा।
16. अस्थायी संविदा नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जाएंगे। अस्थायी नियोजन के पश्चात् सरकारी सेवा में नियमितीकरण का दावा किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।
17. यह नियोजन अस्थायी के आधार पर 01 वर्ष प्रोबेशन अवधि के लिए किया जायेगा। प्रोबेशन अवधि के संतोषप्रद रहने की स्थिति में सेवा विस्तार किया जा सकता है।
18. चयनित कर्मियों को संस्थान में नियमानुसार आवासन अनिवार्य होगा।
19. किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में अथवा अन्य कारणों से इस विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार जिला पदाधिकारी, दरभंगा के पास सुरक्षित रहेगा।
20. नियोजन समिति, दरभंगा जिला पदाधिकारी की सहमति से इस विज्ञापन को बिना कोई कारण बताए निरस्त कर सकती है।

Kau
17/1/26

जिला पदाधिकारी,
दरभंगा